
हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार 18 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

11 1500 मीटर दौड़ में खुशी अव्वल,स्वाति द्वितीय रही



11 फाल्गुन अमावस्या पर लगाई श्रद्धा की डुबकी



## आज उचाना में विकास रैली को संबोधित करेंगे सीएम नायब सिंह सैनी


# 103.30 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे

### हेलीकॉप्टर से आएंगे सीएम, उचानावासियों को सैनी के दौरे से बड़ी उम्मीदें

**विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की सियासी परीक्षा आज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

बांगर की धरती पर सीएम नायब सिंह सैनी पहली बार राजनीति सभा को संबोधित करने आ रहे है। हाइवे स्थिति अतिरिक्त अनाज मंडी में विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की अगुवाई में होने वाली धन्यवाद एवं उचाना विकास रैली में वो पहुंचेंगे। सीएम हेलिकॉप्टर से आएंगे जो सभा स्थल से कुछ दूरी पर उतरेगा। अतिरिक्त अनाज मंडी का जो शैड है वो सबसे बड़ा शैड है। यहां पर आने वालों के बैठने के लिए कुर्सियां अलग-अलग सेक्टर बना कर लगाई गई है। महिलाओं, पुरूषों के बैठने के लिए अलग-अलग सेक्टर बनाए है। मेन वीवीआईपी स्टेज होगी जहां सीएम नायब सिंह सैनी सहित प्रमुख लोग मौजूद रहेंगे। वीआईपी लोगों के लिए कुछ दूरी पर स्टेज बनाई गई है तो सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कलाकारों के लिए अलग स्टेज बनाई गई है। सभा स्थल पर आने के लिए अलग-अलग बेरीगेटसों से लोगों को गुजरना होगा। मंडी के दो गेटों से एंट्री होगी। वाहनों के लिए पार्किंग सभा स्थल के आस-पास बनाया गया है। सीएम को विभिन्न समाजों के लोग सम्मानित करेंगे। इस दिन अनेकों उद्घाटन एवं शिलान्यास भी होंगे। जनसभा के बाद सीएम आढ़तियों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भी गीता विद्या मंदिर स्कूल उचाना मंडी में आएंगे। पुलिस प्रशासन द्वारा हर जगह सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए है। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने दावा करते कहा कि जिस तरह से उचाना हलके के लोगों में उत्साह रैली को लेकर है उससे साफ है कि ये रैली भीड़ के मामले में नया इतिहास बनाने का काम करेगी। बड़ी सौगात रैली में उचाना को मिलने की उम्मीद है। सीएम नायब सिंह सैनी को सुनने के लिए लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे है। भाजपा नेत्री सुषमा ने दावा किया कि महिलाओं में रैली को लेकर उत्साह है। महिलाओं की भीड़ सीएम को सुनने आएगी। हर गांव में महिलाओं ने आश्वासन दिया है कि वो रैली में बड़ी संख्या में पहुंचेगी।



उचाना। रैली स्थल पर पंडाल में लगी कुर्सियां। फोटो :हरिभूमि

### नई अनाज मंडी में होगी जनसभा

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि बुधवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी उचाना की नई अनाज मंडी में जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान वे 103 करोड़ 30 लाख 84 हजार की पांच विकासात्मक परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। इसमें से 28 करोड़ 54 लाख सात हजार रुपये की लगात से तैयार तीन विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया जाएगा और 74 करोड़ 76 लाख 77 हजार की लागत से तैयार होने वाली दो परियोजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि नरवाना के जल सेवा मंडल के अंतर्गत 22 करोड़ 31 लाख 74 हजार रुपये की लागत से सुदकैन डिस्ट्री के पुनर्वास कार्य (आरडी 56000 से 118000 तक) का, खेल विभाग द्वारा तीन करोड़ 52 लाख रुपये की लागत से ब्लॉक उचाना के गांव डूमरखां कलां में मल्टीपर्पज हॉल, दो करोड़ 70 लाख 33 हजार रुपये की लागत से गांव सुदकैन कलां में जलापूर्ति योजना के नवीनीकरण, उन्नयन तथा शेष वितरण पाइपलाइन बिछाने के कार्य का उद्घाटन किया जाएगा।



सीएम जनसभा को लेकर दिशा–निर्देश देते डीसी मोहम्मद इमरान रजा।

### समय रहते तैयारियां पूरी करने के निर्देश

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को उचाना उपमंडल की नई अनाज मंडी में होने वाली जनसभा को संबोधित करेंगे। मौके पर मुख्यमंत्री करोड़ों की विकासात्मक परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। सभी संबंधित अधिकारी जनसभा को लेकर तैयारियां समय रहते पूरी करना सुनिश्चित करें। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। कहा कि जनसभा में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है, इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल, बिजली, स्वच्छता, चिकित्सा सुविधा तथा अग्निशमन व्यवस्था को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस विभाग को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने, स्वास्थ्य विभाग को एंबुलेंस और मेडिकल टीम तैनात रखने, जनस्वास्थ्य को पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था करने तथा नपा को साफ.-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### अवैध बंदूक के साथ एक पकड़ा, पूछताछ जारी

**जींद।** एवीटी पुलिस स्टाफ ने नरवाना निवासी एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से अवैध बंदूक बरामद की है। शहर थाना नरवाना पुलिस ने पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। एवीटी स्टाफकर्मी अपराध रोकने को लेकर नरवाना के भगत सिंह कालोनी में गश्त कर रहे थे।

### छेड़छाड़ के आरोप में पिता व पुत्र पर केस

**कैथल।** तितरम थाना क्षेत्र के गांव में 42 साल की महिला से छेड़छाड़ व मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत पर पड़ोसी बाप-बेटे पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 15 फरवरी को शाम के समय अकेली थी। इस दौरान पड़ोसी आरोपी आशीष उसके घर पर आया उसके मारपीट व छेड़छाड़ की।

### डकैती के मामले में प्रोडक्शन वारंट पर आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** गांव डंडौता के शिव मंदिर में डकैती करने के मामले में चीका थाना पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले में चीका थाना एसएचओ पीएसआई अमन की टीम ने अंबाला के शहजादपुर निवासी दीपक उर्फ दीपा को काबू किया है। यह आरोपी किसी अन्य मामले में अंबाला जेल में बंद था।

### अनुदान पर ट्रैक्टर के लिए ड्रा 20 फरवरी को

**कैथल।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि स्टेट प्लॉन एस0बी0-89 स्कीम 2025-26 के तहत अनुसूचित जाति के किसानों के लिये अनुदान पर ट्रैक्टर प्रदान करने के लिए 15 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन मांगे थे। जिले में 377 किसानों द्वारा इस स्कीम के तहत आवेदन किया है। लाभार्थियों का चयन ऑनलाईन ड्रा के माध्यम से अतिरिक्त उपायुक्त महोदय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कमेटी द्वारा 20 फरवरी 2026 को लघु सचिवालय के सभागार में दोपहर बाद 2 बजे किया जाएगा।

### खेतों से हजारों का ट्रांसफार्मर चुराया

**कलायत।** कलायत उप मंडल मुख्यालय के नजदीक स्थित खेतों में चोर गिरोह सक्रिय है। यह गिरोह अब तक किसान प्रदीप राणा के खेत में तीन चोरियों को अंजाम दे चुका है। इन घटनाओं में चोरों का टारगेट मुख्य रूप से सिंचाई संसाधन रहे हैं। प्रदीप राणा भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष संजीव राणा के भाई हैं।

### संदिग्ध हालात में नाबालिगा लापता, अपहरण का केस

**जींद।** गांव सुदकैन कलां से नाबालिग लड़की के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगो के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। गांव सुदकैन कलां निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस ने को दी शिकायत में बताया कि उसका परिवार रात को पड़ोस में छटी कार्यक्रम में गया हुआ था।

## कैथल



कैथल। डीसी अपराजिता अधिकारियों की बैठक लेते। फोटो :हरिभूमि

## डीआरओ और तहसीलदार को थमाया कारण बताओ नोटिस

■ राजस्व सेवाओं के आवेदनों का करवाएं समयबद्ध निपटान :डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

डीसी अपराजिता ने कहा कि राजस्व विभाग की सेवाएं आमजन से सीधा जुड़ी हुई सेवाएं हैं। इन सेवाओं से संबंधित लोगों के आवेदन समयबद्ध तरीके से निपटाए जाएं। जिला राजस्व अधिकारी सहित संबंधित तहसीलदार व नायब तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश दिए। उन्होंने इंतकाल, निशानदेही, ततिमा सहित अन्य सेवाओं के लंबित होने पर जवाब तलब किया है। इन कार्यों में यदि कोई तकनीकी परेशानी आती है तो उसके बारे में मुख्यालय को अवगत कराकर उसका समाधान करवाएं।

डीसी अपराजिता मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हाल में राजस्व विभाग की विभिन्न योजनाओं व सेवाओं को लेकर अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी। इससे पहले राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्तायुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने वीसी के माध्यम से विभाग की विभिन्न सेवाओं को लेकर आवश्यक समीक्षा की।

### समीक्षा बैठक लें

डीसी अपराजिता ने वित्तीय आयुक्त को कैथल राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों की प्रगति रिपोर्ट भी दी। डीसी ने राज्य स्तर पर समीक्षा के बाद तहसील अनुसार सभी से लंबित केसों की जानकारी हासिल की। जिले में कार्यरत राजस्व विभाग के अधिकारियों को कहा कि इंतकाल, निशानदेही, ततिमा सहित लंबित केसों, खेवट विभाजन से जुड़े मामले, एग्री स्टैक, राजस्व रिकॉर्ड को ऑनलाइन करने की प्रक्रिया, जमाबंदी जैसी सुविधाओं में लंबित मामलों को जल्द से जल्द निपटाने के आदेश दिए। सभी तरह की सेवाओं के लिए एक-एक करके प्रगति रिपोर्ट लेते निर्देश दिए कि आमजन को किसी तरह की परेशानी नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम भी राजस्व संबंधित सेवाओं की समय-समय पर समीक्षा बैठक लें और कार्यों में प्रगति लाएं।

### हाइड्रोजन प्लांट में कंप्रेशर ठीक

**जींद।** हाइड्रोजन प्लांट में लगे कंप्रेशर ठीक हो गया है। पिछले लगभग दो सप्ताह से कंप्रेशर खराब हो रखा था। कंप्रेशर में तकनीकी खामी आने के कारण वह बीच में चलता-चलता बंद हो जाता था। इसके लिए बाहर से तकनीकी कर्मचारी को बुलाया गया था। उसने जांच के बाद कंप्रेशर को ठीक करने के लिए सामान मंगवाया गया था। वहीं हाइड्रोजन प्लांट में फायर फाइटिंग सिस्टम का भी काम चल रहा है। जो जल्द पूरा होने की उम्मीद है। चार्जिंग के लिए बैटरी मंगवाई गई है। ऐसे में अब आगे की प्रक्रिया शुरु होने की उम्मीद है। प्रेशर में तकनीकी खामी आने के कारण वह बीच में चलता-चलता बंद हो जाता था।वहीं हाइड्रोजन ट्रेन के दूसरे इंजन की भी ट्रायल होने की उम्मीद है हालांकि अभी टेस्टिंग को लेकर तारीख तय नहीं हुई है।

### अवैध हथियार सहित आरोपी दबोचा

**कैथल।** पुलिस की सीआईए-1टीम ने किठाना से 315 बोर देसी कट्टा व 5 जिंदा कारतूस सहित एक आरोपी गिरफ्तार किया है। आरोपी को मंगलवार को कोर्ट में पेश कर 3 दिन का रिमांड हासिल किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की टीम सायंकालीन गश्त दौरान किठाना बस अड्डा पर मौजूद थी। जहां पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि गांव करोड़ा निवासी राजू उर्फ संजू अवैध देसी पिस्तौल लिए हुए है, जो अभी गांव किठाना से कलायत जाने वाली सड़क पर दिल्ली-जम्मू कटरा हाईवे पुल के पास कहीं जाने के लिए किसी वाहन के इंतजार में खड़ा है। पुलिस ने कार्रवाई दौरान इस स्थान पर दबिश देकर संदिग्ध करोड़ा निवासी राजू उर्फ संजू को काबू कर लिया। जांच के दौरान आरोपी के कब्जे से एक 315 बोर का अवैध पिस्तौल व 5 कारतूस बरामद हुए।

### सीबीएसई:10वीं व 12वीं की परीक्षाएं प्रारंभ



**जींद।** सीबीएसई की 10वीं व 12वीं की परीक्षाएं मंगलवार से शुरु हुई। पहले दिन 10वीं की गणित व 12वीं कक्षा में जीव विज्ञान, शार्ट हैंड हिंदी, शार्ट हैंड अंग्रेजी व एंटरप्रेयोशिप विषय की परीक्षा थी। 10वीं कक्षा की परीक्षा में 27 विद्यार्थी अनुपस्थित थे। जबकि 12वीं कक्षा की विद्यार्थी में सभी विषय के विद्यार्थी हाजिर थे। मंलवार को 12वीं कक्षा के अलग-अलग विषय के 400 विद्यार्थियों की परीक्षा थी। परीक्षा को लेकर 16 सेंटर सीबीएसई के जिला जींद में बनाए गए हैंए जिनमें कक्षा दसवीं के 4849 और कक्षा 12वीं के 4047 विद्यार्थी परीक्षाएं देंगे। परीक्षा का समय सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजकर 30 मिनट तक है। सीबीएसई की जिला की सिटी कोआर्डिनेटर व इंडस पब्लिक स्कूल की प्राचार्या अरुणा शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों को सुबह नौ बजकर 40 मिनट से लेकर 10 बजे तक अपने-अपने परीक्षा के अंदर पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा में स्कूल यूनिफार्म व स्कूल आइकार्ड में आना अनिवार्य है। इसके अलावा कोई भी विद्यार्थी स्मार्टवाच व कैलकुलेटर जैसी चीजो को साथ में नहीं ला सकते। फोटो:हरिभूमि

## दिव्यांग कर्मियों ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

दिव्यांग कर्मचारियों द्वारा हरियाणा के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन डीसी कैथल की अनुपस्थिति में सिटी मजिस्ट्रेट गुरविंद्र सिंह को सौंपा जिसमें माँग की गई कि सरकार दिव्यांग कर्मचारियों को दो वर्ष अतिरिक्त सेवा विस्तार ना देने के फ़ैसले पर सहानुभूति पूर्वक विचार करके दिव्यांग कर्मचारियों को पूर्व की तरह दो वर्ष अतिरिक्त सेवा विस्तार देने की घोषणा करे। सरकार के इस फ़ैसले से हरियाणा के दिव्यांग कर्मचारियों में बहुत रोष है। विकलांग संघ उमंग के जिला प्रधान रोशन पंवार ने बताया कि दिव्यांग कर्मचारियों की 2 वर्ष की सेवा विस्तार आयु संबंधित नियमों में किए गए संशोधन को लेकर प्रदेश भर में रोष बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में विकलांग संघ उमंग के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपते हुए 3 फरवरी की गजट अधिसूचना को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग की है कि हरियाणा सिविल सेवा (सामान्य) नियम 2016 के नियम 143 में संशोधन कर 70% या उससे अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांग कर्मचारी की 60 वर्ष की सेवा आयु व्यवस्था समाप्त कर दी गई है जो दिव्यांग कर्मचारी के साथ अन्यायपूर्ण है । संघ का कहना है कि दिव्यांग कर्मचारी सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना करते हैं उन्हें दी गई अतिरिक्त सेवा आयु समान अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से लागू की गई थी इसे समाप्त करना समानता के सिद्धांत और दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम 2016 की मूल भावना के विरुद्ध है संघ ने उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन सौंप कर हरियाणा सरकार से मांग की है कि उन्हें पहले की भांति अतिरिक्त 2 वर्ष की आयु सेवा विस्तार मिलना चाहिए।




कैथल। सिटी मजिस्ट्रेट गुरविंद्र सिंह को ज्ञापन सौपते दिव्यांग कर्मचारी।

### ये रहे मौजूद

मनोज ढुल, रमेश चंद, जगदीश , कृष्ण भागल, कुलदीप पटवारी, सुरेश सेतिया, सुरेश धीमान व पवन कुमार, हरदयाल अरोड़ा, राजेंद्र कौल, सतीश ढुल, अमरीक सिंह, जय भगवान, मस्त राम शास्त्री उपस्थित रहे।





# ऑस्कर विनर एक्टर के लिए अनुपम ने लिखा भावुक पोस्ट

**मुंबई।** हॉलीवुड के मशहूर एक्टर, फिल्म प्रोड्यूसर और ऑस्कर विनर रॉबर्ट डुवैल का 95 साल की उम्र में निधन हो गया। रॉबर्ट डुवैल ने 'द गॉडफादर' जैसी कल्ट फिल्म में अपनी दमदार एक्टिंग से दुनिया भर में पॉपुलैरिटी बटोरी थी। एक्टर अनुपम खेर ने रॉबर्ट डुवैल के निधन पर दुख जताया। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रॉबर्ट डुवैल की तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा, 'रॉबर्ट डुवैल ऐसे एक्टर थे, जिन्हें ध्यान खींचने के लिए कभी शोर की जरूरत नहीं पड़ी। शांत, सटीक और बहुत सच्चे... वह हर रोल में जबरदस्त गहराई लेकर आए और पर्दे पर कमाल की छाप छोड़ी।

लाइफStyle



# मोना
## स्टार को बीमा पॉलिसी समझते हैं मेकर्स

एजेंसी ▶▶ मुंबई

टीवी की जस्सी के नाम से मशहूर अभिनेत्री मोना सिंह अब इंडस्ट्री की सबसे बिजी अभिनेत्रियों में से एक हैं। वो फिल्मों के साथ-साथ वेब सीरीज में भी लगातार काम कर रही हैं। हाल ही में मोना सिंह नेटफ्लिक्स की सीरीज कोहरा के दूसरे सीजन में नजर आई हैं।

लगातार फिल्मों और सीरीज में अहम भूमिकाएं निभाने के बावजूद मोना सिंह का कहना है कि प्रोड्यूसर्स उनके नाम पर 100 करोड़ रुपए के बजट की फिल्म बनाने का जोखिम नहीं उठाना चाहते। मोना सिंह ने अपने कॅरियर के उस मुकाम पर होने की बात की, जहां वह आसानी से प्रोजेक्ट्स को ठुकरा नहीं सकतीं। अभिनेत्री ने कहा कि यह मेरे द्वारा लिए गए फैसलों की वजह से ही है कि मैं यहां हूं। मैंने प्रासंगिक बने रहने और अपने सिद्धांतों पर कायम रहने की कोशिश की है। इसलिए मैंने कई प्रोजेक्ट्स को मना किया है। हालांकि, मना करना कभी आसान नहीं होता। मुझे लगता है कि जीवन में मुझे पता है कि मैं क्या नहीं चाहती। यह स्पष्टता अब मेरे भीतर है।अभिनेत्री ने आगे कहा कि निर्माता सितारों को एक बीमा पॉलिसी की तरह देखते हैं, ताकि उन्हें अपना पैसा वापस मिल सके। पोस्टर पर एक स्टार बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की गारंटी देता है। फिल्म निर्माण आखिरकार एक व्यवसाय है। आप जानते हैं कि आप निवेश कर रहे हैं और आपको उससे कहीं अधिक पैसा वापस मिलने की उम्मीद है। दूसरी ओर किरदार सिर्फ सर्विस प्रोवाइडर बनकर रह जाते हैं। यही सच्चाई है। अगर आप मेरी मुख्य भूमिका वाली 100 करोड़ रुपए की फिल्म की बात कर रहे हैं, तो मुझे ऐसा होता हुआ नहीं दिख रहा है।

हॉलीवुड मसाला




# डैनी के साथ शेयर की तस्वीरें

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता ड्वेन जॉनसन ने फिल्म 'जुमांजी 3' की शूटिंग को लेकर अहम जानकारी सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। फैंस के बीच 'द रॉक' के नाम से मशहूर ड्वेन ने फिल्म के सेट से कुछ खास तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। 17 फरवरी को ड्वेन जॉनसन ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट शेयर कर बताया कि फिल्म 'जुमांजी 3' के लिए उनके सह-कलाकार डैनी डेविटो की शूटिंग पूरी हो गई है। उन्होंने डैनी और केविन हार्ट के साथ कुछ तस्वीरें शेयर कीं।



# स्पाई-थ्रिलर सीरीज तेहरान से मिली थी पहचान...

**लॉस एंजिल्स।** इस्राइली प्रोड्यूसर डाना ईडन का 52 साल की उम्र में निधन हो गया है। डाना एक होटल में मृत अवस्था में पाई गईं। वो एमी पुरस्कार विजेता जासूसी थ्रिलर 'तेहरान' की सह-निर्माता थीं। इस्राइल के पब्लिक ब्रॉडकास्टर 'कान' ने डाना ईडन के निधन की जानकारी दी है। इसके मुताबिक, वो ग्रीस में 'तेहरान' के चौथे सीजन की शूटिंग कर रही थीं। डाना ईडन को इस्राइल की सबसे सफल और प्रभावशाली टेलीविजन प्रोड्यूसर्स में गिना जाता था। वह हिट सीरीज 'तेहरान' की सह-निर्माता और क्रिएटर थीं। उन्होंने अपने करियर में कई चर्चित टीवी प्रोजेक्ट्स पर काम किया। जिनमें 'सेविंग्स द वाइल्डलाइफ', 'शी हैज इट', 'मैगपाई' और 'शाकशौका' जैसे शोज के जरिए उन्होंने अपनी पहचान बनाई। डाना ईडन ने अपने प्रोफेशनल पार्टनरशिप प्रोड्यूसर शूला स्पीगल के साथ मिलकर डोना और शुला प्रोडक्शंस की स्थापना की थी।



# आगे खिसकी गबरू की रिलीज डेट...

**मुंबई।** सनी देओल अभिनीत फिल्म 'बॉर्डर 2' बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त तरीके से सफल हुई है। इस बीच वे अपने आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं, जिनमें फिल्म 'गबरू' का भी नाम है। पहले यह फिल्म मार्च में रिलीज होने वाली थी। मगर, अब दर्शकों को इसके लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। रिलीज डेट में बदलाव किया गया है। शशांक उदयपुरकर निर्देशित यह फिल्म पहले 13 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। मगर, अब इसमें बदलाव कर दिया गया है। यह फिल्म 8 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। हाल ही में सनी देओल ने 'गबरू' को अपने दिल के सबसे करीब फिल्मों में से एक बताया। रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' और यश की 'टॉक्सिक' 19 मार्च को रिलीज हो रही हैं। फिल्म 'गबरू' को विशाल राणा और ओम छंगानी के प्रोड्यूस किया है।



# तुम्बाड 2 के लिए विलेन की तलाश जारी

**मुंबई।** साल 2018 में रिलीज हुई सोहम शाह की हॉरर फिल्म तुम्बाड थिएटर के बाद डिजिटल पर जबरदस्त रिएक्शन मिला था। फिल्म की कहानी, एक्टिंग ने ऑडियंस और गहरी छाप छोड़ी थी। अब सोहम शाह इस तुम्बाड 2 बना रहे हैं। फिल्म पर काम इस साल की शुरुआत में शुरू हो गया है। अब विलेन के सिलेक्शन पर काम चल रहा है। ताजा रिपोर्ट की मानें तो तुम्बाड 2 के लिए धुरंधर के रहमान डकैत अक्षय खन्ना और नवाजुद्दीन सिद्दीकी का नाम सामने आ रहा है। दोनों में से कोई एक हॉरर फिल्म का विलेन बन सकता है। इस फिल्म से जुड़े सूत्र ने एक पोर्टल को जानकारी देते हुए बताया है कि तुम्बाड 2 में एक पावरफुल विलेन का किरदार अहम है। फिल्म की कहानी इसी किरदार के इर्द गिर्द रची गई है। इस विलेन का किरदार इंटेस और कई परतों से बना हुआ है।

टीवी मसाला



# फिल्म की शूटिंग खत्म करते ही शादी के बंधन में बंधेंगी...

**नई दिल्ली।** कृतिका कामरा और गौरव कपूर इस मार्च शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। शादी से पहले दोनों अपने-अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को पूरा करने में व्यस्त हैं, ताकि जश्न के दौरान वे पूरी तरह फ्री रह सकें। कृतिका अपनी नई फिल्म की शूटिंग खत्म करने में जुटी हैं, जबकि गौरव एक बड़े स्पोर्ट्स टीवी और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की जानी-मानी जोड़ी कृतिका कामरा और गौरव कपूर अपने जीवन के सबसे खास पड़ाव की ओर बढ़ रहे हैं। दोनों इस मार्च शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं और जैसे-जैसे तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे उनकी जिंदगी में उत्साह बढ़ते नजर आ रहे हैं। शादी से पहले दोनों अपने-अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को पूरा करने में पूरी तरह जुटे हुए हैं, ताकि जब जश्न का समय आए तो वे बिना किसी चिंता के हर पल को जी सकें। कृतिका इन दिनों एक इंडिपेंडेंट फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह प्रोजेक्ट लगातार चलने वाले शेड्यूल में शूट हो रहा है और उम्मीद है कि मार्च के पहले सप्ताह तक इसका काम पूरा हो जाएगा। लंबे शूटिंग घंटों के बावजूद कृतिका शादी की तैयारियों पर भी उतना ही ध्यान दे रही हैं। उनके करीबी बताते हैं कि वह चाहती हैं कि शादी के समय उनका कैलेंडर पूरी तरह खाली हो, ताकि वह इस नए सफर की शुरुआत पूरे सुकून और खुशी के साथ कर सकें। वहीं, गौरव कपूर भी अपने काम में व्यस्त हैं। वह इन दिनों एक बड़े स्पोर्ट्स इवेंट की मेजबानी कर रहे हैं और लगातार शूट व लाइव शेड्यूल में व्यस्त हैं।

## अवनीत कौर का मिस्ट्री मैन कौन

**नई दिल्ली।** अवनीत कौर ने इस वैलंटाइंस डे पर एक ऐसी तस्वीर शेयर की जिसके बाद से उनके मिस्ट्री मैन को लेकर चर्चा शुरू हो गई है।



हालांकि, अवनीत ने वो पोस्ट डिलीट तो कर दिया लेकिन अब वो सवालों के घेरे में फंस गई हैं। पहले तो उन्होंने वैलंटाइंस डे पर सरेआम प्यार का इजहार किया और फिर अपनी वो पोस्ट डिलीट कर डाली। बताया जा रहा है कि ये मिस्ट्री मैन कोई और नहीं, बल्कि राघव शर्मा हैं। हालांकि, भले अवनीत ने वो फोटो डिलीट कर दी लेकिन अब चर्चा है कि क्या एक्ट्रेस राघव शर्मा को डेट कर रही हैं? बताया जा रहा है कि राघव देसी म्यूजिक फैक्ट्री के को-फाउंडर हैं, जो साल 2022 से अवनीत के साथ अपने रिलेशनशिप को लेकर खबरों में हैं। एक्ट्रेस ने पहले तो पोस्ट किया लेकिन इसे लेकर शुरू होते बवाल को देखते हुए उन्होंने ये सबूत मिटाने की कोशिश की। हालांकि, तब तक ये झलक चारों तरफ फैल चुकी थी। उस तस्वीर में अवनीत डाइनिंग टेबल के दूसरी तरफ बैठे एक शख्स का हाथ पकड़े नजर आ रही थीं और जैसे ही उन्होंने ये पोस्ट किया लोगों ने स्क्रीनशॉट रख लिए थे।

# अभिषेक अब शाहरुख की किंग में आएंगे नजर...

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन ने अपने नए लुक को लेकर बात की और बताया है कि ये शाहरुख खान की अपकमिंग फिल्म 'किंग' का हिस्सा है। अब एक्टर के इस नए लुक पर लोग जमकर कॉमेंट करते दिख रहे हैं। अभिषेक बच्चन ने शाहरुख की फिल्म का हिस्सा बनने की बात खुद कही है। पिछले दिनों एक इंटरव्यू मं अपने बदले हुए लुक पर बातें करते हुए अभिषेक बच्चन ये ये बातें बताई हैं। अब फिल्म 'किंग' में उनकी भूमिका को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड दिख रहे हैं। इसके अलावा लोगों ने उनके इस लुक की तारीफ भी की है। सुपरस्टार शाहरुख खान अपनी अगली मी फिल्म 'किंग' के साथ एक बार फिर बड़े पर्दे पर अपना जादू बिखेरने के लिए तैयार हैं। 'जवान' के बाद आ रही शाहरुख की इस फिल्म में कई बॉलीवुड सितारे दिखेंगे, जिसे लेकर अब अभिषेक बच्चन ने भी कन्फर्म कर दिया है। अभिषेक बच्चन ने 'किंग' में अपनी भूमिका पर भी बात की। उन्होंने हाल में आयोजित 'ग्लोबल बिजनेस समिट 2026' के एक सेशन के दौरान अपने नए हेयरस्टाइल को लेकर बातें की। जब उनसे उनके नए लुक के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'मुझे इस बात की खुशी है कि आपने मेरे बदले हुए लुक पर ध्यान दिया। जी हां, मैं फिलहाल अपनी नई फिल्म किंग की शूटिंग कर रहा हूं।' हालांकि उनसे ये भी पूछा गया कि क्या वो इस फिल्म के बारे में और बातें करना पसंद करेंगे? इसपर एक्टर ने ना में जवाब दिया और फिल्म के बारे में और कुछ कहने से साफ इनकार कर दिया।



# अधूरी मोहब्बत की ताकत : सैड एंडिंग वाली फिल्में होती हैं सुपरहिट


**नई दिल्ली।** आज तक हम इस दुख में हैं कि गजनीमें कल्पना को अंत तक नहीं पता चल पाया कि सचिन ही संजय सिंहानिया है। हमें आज भी अफसोस होता है कि आमिर खान क्यों सही वक्त पर पहुंचकर आसिन को नहीं बचा पाए। तेरे नाम में जब राधे पागलखाने पहुंच जाता है और निर्जरा जहर पी लेती है, तो हम अंदर तक दुखी हो जाते हैं। रांझणा में कुंदन का जोया के लिए आखिरी मोनोलॉग आज भी तीर की तरह हमें चुभता है। सनम तेरी कसम में सरस्वती को मरते देख हम सब आंसू बहाते हैं। कल हो ना हो में शाहरुख खान का किरदार अमन माथुर चल बसता है, लेकिन हम आज भी उस फिल्म को याद करते हैं। सदमा में जब ट्रेन से श्रीदेवी चली जाती हैं तो पीछे कमल हासन का छूटना हमें आज भी सताता है। हम दिल दे चुके सनम में सलमान खान के किरदार को तड़पते देख हम भी दर्द महसूस करते थे, मगर ये सारी फिल्में सुपरहिट रहीं। एक विलेन, आशिकी 2, लैला मजनूं, मोहब्बतें जैसी तमाम फिल्में हैं, जिनमें हीरो या हीरोइन या दोनों की मौत हो जाती है, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्में शानदार प्रदर्शन करती हैं।

***लेकिन सवाल है:*** जब इन फिल्मों को देखकर हम अंदर तक दुखी हो जाते हैं, फिर भी ये सैड एंडिंग वाली फिल्में सुपरहिट क्यों होती हैं? चलिए समझने की कोशिश करते हैं।

क्यों सुरक्षित रिश्ते लगते हैं बोरिंग, 'रजनीगंधा'ने 52 साल पहले समझा दिया था । इश्क दर्द और सिनेमा

***अधूरी मोहब्बत का आकर्षण :*** जब कोई प्यार पूरी तरह से पूरा नहीं होता या हमें हासिल नहीं हो पाता, तो हमारा दिमाग उसे खास मानने लगता है। साइक्लॉजी में इसे 'अप्राप्य वस्तुओं का आदर्शवाद' कहा जाता है। मतलब, जो चीज़ मुश्किल या नामुमकिन लगती है, हमारा दिमाग उसे ज्यादा परफेक्ट और रोमांटिक मानता है। इसलिए देवदास, रांझणा, सनम तेरी कसम जैसी अधूरी मोहब्बत की कहानी हमें ज्यादा याद रहती है और दिल को छू जाती है। हमारा अचेतन इसे आइडियल मानता है।

जैसा हरिवंश राय बच्चन ने मधुशाला में लिखा- 'प्यार नहीं पा जाने में है, पाने के अरमानों में! पा जाता तब, हाय, न इतनी प्यारी लगती मधुशाला।' यानी, हासिल करने में प्यार उतना खास नहीं लगता जितना उसे पाने की तड़प में।




## एक के लिए तो गिनीज बुक में दर्ज हो चुका है नाम
# सिर्फ भारतीय फिल्मों में होती हैं ये 7 अजीब चीजें

***नई दिल्ली।*** *बात जब फिल्मों की आती है तो हम अक्सर बातें करते हैं कि बॉलीवुड वाले हॉलीवुड के टक्कर की फिल्में नहीं बना पाते हैं। कभी वीएफक्स तो कभी कोरियन सिनेमा जैसी सादगी हमारी फिल्मों में मिसिंग रहने की बात उठती है। लेकिन, क्या आपको पता है कि भारत साल भर में इतनी फिल्में रिलीज करता है जितनी दुनिया भर में और कहीं नहीं होती हैं। इतना ही नहीं और भी कई ऐसी बातें हैं जो भारतीय सिनेमा को बाकी फिल्म इंडस्ट्रीज से अलग बनाती हैं। तो चलिए जानते हैं भारतीय सिनेमा के बारे में 7 रोचक तथ्य।*

### फिल्मों की फैक्ट्री है अपना इंडिया

***दुनिया*** को लगता है कि हॉलीवुड सबसे बड़ा है, लेकिन सच यह है कि भारत दुनिया में सबसे ज्यादा फिल्में बनाने वाला देश है। जहां हॉलीवुड साल भर में लगभग 700-800 फिल्में बनाता है, वहीं भारत हर साल 1,500 से 2,000 के बीच फिल्में रिलीज करता है।

### बिना गानों की फिल्म का पिटना तय

***हॉलीवुड*** या यूरोपियन सिनेमा में फिल्में बिना गानों के होना सामान्य बात है, वहां 'म्यूजिकल' एक अलग जॉनर होता है। लेकिन, भारत में उल्टा है। यहां बिना गानों की फिल्म बनाना एक बहुत बड़ा जोखिम माना जाता है। भारतीय फिल्मों में औसतन 5-6 गाने होते हैं, जो फिल्म की मार्केटिंग और कमाई का आधा जरिया होते हैं।

### स्टार्स का दूध अभिषेक और मंदिर

***यह*** दुनिया के किसी और देश में नहीं होता। दक्षिण भारत में जब किसी बड़े सुपरस्टार की फिल्म रिलीज होती है, तो फैंस उनके कट-आउट्स को दूध से नहलाते हैं। इतना ही नहीं, अमिताभ बच्चन और सोनू सूद जैसे स्टार्स के तो भारत में बाकायदा मंदिर भी बने हुए हैं।

### क्यों दुनिया से उलटा चल रहा इंडिया?

दुनिया भर की सिनेमा इंडस्ट्री आज 90 मिनट से 2 घंटे की फिल्मों की ओर बढ़ रहा है, लेकिन भारतीय दर्शक आज भी 'पैसा वसूल' अनुभव के लिए कम से कम 2.5 से 3 घंटे की फिल्म की उम्मीद करते हैं। भारत में फिल्म देखने जाना मतलब पूरा दिन इसके लिए निकालना पड़ता है। क्योंकि, कई बार 3 घंटे की फिल्म और इंटरवल फिर फिल्म से पहले और बाद थोड़ा घूमना-फिरना पूरा दिन लेता है।



### सिर्फ यहां का बोर्ड लगाता है ऐसे नियम

भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में से है जहां फिल्मों में स्मोकिंग या शराब के सीन आने पर स्क्रीन के नीचे 'चेतावनी' दिखाना जरूरी है। विदेशी फिल्मों को भी भारत में रिलीज होते समय इन नियमों का पालन करना पड़ता है, जो बाहर के फिल्ममेकर्स के लिए काफी अजीब अनुभव होता है।

### दुनिया का सबसे बड़ा फिल्मी परिवार

भारतीय सिनेमा जगत में 'नेपोटिज्म' की खूब चर्चा तो होती है, लेकिन क्या आपको पता है कि इसी वजह से हमने गिनीज बुक में भी जगह पाई है। कपूर खानदान का नाम 'गिनीज वर्ल्ड बुक' में दर्ज है, क्योंकि उनकी एक ही परिवार की पांच पीढ़ियां (पृथ्वीराज कपूर से लेकर रणबीर-करीना तक) सिनेमा जगत का हिस्सा रही हैं।

### कहीं नहीं मिलती ऐसी फैन फॉलोइंग

आपको जानकर हैरानी होगी कि राज कपूर रूस में वहां के लोकल हीरोज से ज्यादा पॉपुलर थे। वहीं, रजनीकांत का जापान में इतना जबरदस्त क्रेज है कि वहां उनकी फिल्मों के खास शोज चलते हैं। मिथुन चक्रवर्ती का 'डिस्को डांसर' अवतार आज भी रूस और मिड एशिया के देशों में एक कल्ट माना जाता है।

## खबर संक्षेप

### नरवाना में लगा दिव्यांग बुजुर्ग पहचान कैंप

**जींद।** जिला रैडक्रॉस सोसाईटी के सचिव रामजी लाल ने बताया कि अल्मिको दिल्ली के सहयोग से फ्री 4 द्विवसीय दिव्यांग बुजुर्ग पहचान कैंप नरवाना के नवदीप स्टेडियम में आयोजित किया। 87 प्रार्थियों ने भाग लिया। उनमें से 40 दिव्यांग, बुजुर्गो की पहचान की। कैंप में अल्मिकों दिल्ली की टीम से डा. रोजश, प्रवीण लांबा एवं रेडक्रॉस कार्यालय की तरफ से डा. दिनेश फिजियोथेरेपिस्ट उपस्थित रहे।

### एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया

**जींद।** राजकीय पीजी कालेज के मार्गदर्शन ब्यूरो एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में यूजीसी नेट कला एवं मानविकी विषयों की तैयारी के लिए एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। इसमें रिसोर्स पर्सन के रूप में सीमा, सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजी विभाग, चौधरी रणबीर सिंह विवि जींद रहीं। यूजीसी नेट परीक्षा की संरचना, प्रश्न, प्रकार, नवीन परीक्षा पैटर्न, विषय वस्तु के चयन, प्रबंधन तथा प्रभावी अध्ययन रणनीतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### राजकीय कॉलेज में हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**जुलाना।** मेरा युवा भारत के जुलाना ब्लॉक स्वयंसेवकों द्वारा मेजर शहीद संजीव लाठर राजकीय महाविद्यालय जुलाना में बजट विषय पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी ज्ञान क्षमता का प्रदर्शन किया।

### माजरा खाप 19 फरवरी को सौंपेगी ज्ञापन

**जींद।** लीव इन लव मैरिज के नियमों में संशोधन करवाने की मांग को लेकर माजरा खाप पंचायत 19 फरवरी को मुख्यमंत्री के ओएसडी विरेंद्र सिंह बढ़ख़ालसा को ज्ञापन देंगी। प्रधान गुरविंदर सिंह, महेंद्र सिंह कहा कि हिंदू राष्ट्र व हिंदू धर्म की बातें करने वाली सरकार हिंदू संस्कृति व संस्कार के विरोध में कानून व्यवस्था बनाए रखने की समर्थक लगती है। जिसे खाप पंचायतें कभी मान्यता नहीं देगी।

### विकास रैली करेगी नए आयाम स्थापित : साधुराम

**उचाना।** भाजपा नेता साधुराम गुरूकुल खेड़ा ने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी 18 फरवरी को उचाना आ रहे है। इस दिन वो उचाना विकास रैली को संबोधित करेंगे। उचाना के इतिहास में ये सबसे बड़ी रैली होने जा रही है। भीड़ की दृष्टि से रैली सारे रिकॉर्ड तोडऩे का काम करेगी। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की अगुवाई में होने वाली रैली उचाना में विकास के नए आयाम स्थापित करेगी।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को

**जींद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 14 मार्च को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा न्यायिक परिसर जींद व उप मंडल स्तर पर नरवाना व सफीदों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूनम के नेतृत्व में आगामी 14 मार्च को जींद, नरवाना व सफीदों न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

### अनाधिकृत कालोनियों में खरीद से पहले करें जांच

**जींद।** जिला नगर योजनाकार मनीष दहिया ने बताया कि शहरी क्षेत्र जींद में कुछ अनधिकृत कालोनियों का विकास किया जा रहा है। इन कालोनियों का निर्माण बिना विभाग से आवश्यक लाइसेंस, सीएलयू एवं एनओसी प्राप्त किए किया जा रहा है, जो नियमानुसार पूरी तरह से अवैध है।

### वार्षिक खेल सप्ताह 2026 की शुरुआत

**जींद।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नई दिल्ली में वार्षिक खेल सप्ताह 2026 की शुरुआत की है। उद्घाटन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने किया। बताया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने संबोधन में कहा कि खेल और चुनाव दोनों में पारदर्शिता और अनुशासन अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

---

### दो दिवसीय 19वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

# 1500 मीटर दौड़ में खुशी अव्वल, स्वाति द्वितीय रही

## 100 मीटर में बीए प्रथम वर्ष ज्योति दौड़ी सबसे तेज

**विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय 19वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता मंगलवार को संपन्न हुई। दूसरे दिन के मुख्यअतिथि रा. महाविद्यालय बडोता के प्राचार्य अनिल कुमार रहे। खेलकूद प्रतियोगिता के संयोजक राजेश बूरा रहे। मुख्यअतिथि अनिल कुमार ने कहा कि ऐसे अवसर ही छात्राओं को प्रोत्साहन देते हैं। इसीलिए हमारी छात्राएं आगे चल कर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का और हरियाणा का नाम रोशन करती हैं। उन्होंने खेलकूद प्रतियोगिता में छात्राओं के प्रदर्शन की सराहना की। प्राचार्य जयनारायण ने कहा कि खेलकूद स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन 800 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 100 मीटर दौड़, 4 गुणा 200 मीटर रिले दौड़, ऊंची कूद, जेवलियन थ्रो, पुरुष स्टाफ रेस, महिला स्टाफ रेस, चतुर्थ कर्मचारी रेस, रस्साकसी, नींबू दौड़, बोरी दौड़, थ्रीलेग रेस, म्यूजिकल चेयर, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर उपप्राचार्य नरेंद्र ढुल, जितेंद्र कुमार, संदीप शर्मा और अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। महाविद्यालय की प्रेस प्रवक्ता डा. सुमिता आशरी ने बताया कि 1500 मीटर दौड़ में बीए तृतीय वर्ष की खुशी प्रथम, द्वितीय स्वाति बीए द्वितीय वर्ष, तृतीय मुस्कान बीएससी अंतिम वर्ष रही। 800 मीटर दौड़ में खुशी बीए तृतीय वर्ष प्रथम, स्वाति बीएए द्वितीय वर्ष द्वितीय, तृतीय आंचल, बीकॉम द्वितीय वर्ष रही। 200 मीटर दौड़ में ज्योति बीए प्रथम वर्ष प्रथम, खुशी बीए तृतीय वर्ष द्वितीय, पायल बीए द्वितीय वर्ष तृतीय रही। 4 गुणा 200 मीटर रिले दौड़ में संजू और टीम प्रथम, कोमल और टीम द्वितीय, काजल और टीम तृतीय रही। 100 मीटर दौड़ में ज्योति बीए प्रथम वर्ष प्रथम, पायल बीए द्वितीय वर्ष द्वितीय तथा खुशी बीए तृतीय वर्ष तृतीय रही। थ्रीलेग प्रतियोगिता में स्वातिए बीए द्वितीय वर्ष प्रथम, द्वितीय शिक्षा बीए तृतीय वर्ष, नेहा बीए प्रथम वर्ष तृतीय रही। ऊंची कूद में अंतिम बीए तृतीय वर्ष प्रथम, खुशी बीए तृतीय वर्ष द्वितीय, आंचल बीकॉम अंतिम वर्ष तृतीय रही। जेवलियन थ्रो प्रतियोगिता में स्वाति बीए द्वितीय वर्ष प्रथम, काफी बीए तृतीय वर्ष द्वितीय व कोमल बीएससी तृतीय वर्ष तृतीय रही। स्टाफ रेस पुरुष में साहिल प्रथम, राकेश द्वितीय, सुरेंद्र तृतीय, स्टाफ रेस महिला में अनीता प्रथम, सुमन खटक द्वितीय, रितु तृतीय रही। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी में कप्तान प्रथम, संजय द्वितीय व सोमदत्त तृतीय रही।



जींद। प्रतियोगिता में भाग लेते छात्रा। फोटो :हरिभूमि



जींद। प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

---

# जेईई मेंस की परीक्षा में इंडस स्कूल जींद के विद्यार्थियों ने लहराया परचम



**जींद।** जेईई मेंस का परीक्षा परिणाम सोमवार को घोषित हुआ। जिसमें इंडस स्कूल जींद के 12 विद्यार्थियों ने प्रथम चरण की परीक्षा में उच्च स्थान प्राप्त कर अपने स्कूल का नाम रोशन किया। इन विद्यार्थियों में अतीषय जैन, अनुशा तायल, कार्तिक, शोर्य श्योकंद, पंकज खटकड़, वानी शर्मा, जश्न, सिवानी, कमलदीप अर्षिया, गौरव और अदिति ने भी अच्छा स्कोर प्राप्त किया। इंडस पब्लिक स्कूल जींद के इन विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में उच्चतम पर्सेंटाइल प्राप्त कर अपने जिले, विद्यालय एवं माता-पिता का नाम रोशन किया। इंडस ग्रुप के निदेशक सुभाष श्योराण ने जेईई मेंस परीक्षा के प्रथम चरण में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं अध्यापकों को बधाई देते उनके उज्ज्वल भविश्य की कामना की। विशिष्ट उपलब्धि पर इंडस स्कूल जीन्द की प्राचार्या अरूणा शर्मा ने एडवांस्ड परीक्षा के लिए चयनित विद्यार्थियों की उपलब्धि पर हर्ष प्रकट करते हुए कहा कि हम सब के लिए यह गर्व की बात है कि इंडस पब्लिक स्कूल जींद के विद्यार्थी हर क्षेत्र में हमेषा की तरह अपनी योग्यता का परिचय देते हैं। उन्होंने कहा कि आज के इस आधुनिक युग में बच्चों का सर्वांगीण विकास होना अत्यंत आवश्यक है। इंडस पब्लिक स्कूल जींद का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे के बौद्धिक और शारीरिक विकास में वृद्धि करना है। खेलों और पढ़ाई के माध्यम से इंडस पब्लिक स्कूल जींद नित नए आयामों को प्राप्त करके लगातार आगे बढ़ रहा है। अन्य विद्यार्थियों को भी इनसे प्रेरणा लेकर जीवन में सफलता प्राप्त करने तथा अपने व्यक्तित्व का सम्पूर्ण विकास करने के लिए प्रेरित किया।



राजौंद। असंध मार्ग पर नगर पालिका के पास सड़क पर बह रहा पानी।

### सड़क पर दूषित पानी बना परेशानी

**राजौंद।** नगर पालिका कार्यालय के पास सड़क पर जन स्वास्थ्य विभाग की पेयजल पाइपलाइन में लीकेज होने से सड़क पर गंदा पानी भर रहा है। हालात यह हैं कि एक ओर जहां लोगों को घरों में गंदा और बदबूदार पानी मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर सड़क से निकलना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि पाइपलाइन अक्सर कहीं-न-कहीं से टूट जाती है, जिससे पानी सड़कों पर जमा हो जाता है और गंदा पानी दोबारा सप्लाई लाइन में चला जाता है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि पिछले काफी समय से यह समस्या बनी हुई है, लेकिन स्थायी समाधान नहीं किया गया। कई बार शिकायत देने के बावजूद विभाग की ओर से केवल अस्थायी मरम्मत कर मामला शांत कर दिया जाता है। कुछ दिनों बाद फिर वही स्थिति बन जाती है।

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की सार्थक पहल

**जींद।** हरियाणा महिला विकास निगम जींद की जिला प्रबंधक संतोष यादव ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा जिले में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मारुति सुजुकी व अशोक लीलैंड कंपनी द्वारा संचालित अनुमोदित ड्राइवर प्रशिक्षण स्कूलों के माध्यम से 21 दिवसीय चालक प्रशिक्षण एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। बताया कि प्रशिक्षण के लिए आवेदन करने के लिए महिलाओं की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा वे हरियाणा राज्य की मूल निवासी हों। शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 12वीं पास होनी चाहिए। आवेदिका की दृष्टि अच्छी हो तथा रंग दृष्टिहीनता न हो और उनके पास वैध लर्नर लाइसेंस होना आवश्यक है। इसके अलावा गरीबी रेखा से नीचे अथवा जिन परिवारों की वार्षिक आय पीपीपी में 1.80 लाख या इससे कम है, वे महिलाएं योजना का लाभ उठा सकती हैं।

---

### शानदार प्रस्तुति से मोहा सबका मन

**जींद।** मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में प्रथम कक्षा के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक प्रस्तुति कार्यक्रम का आयोजन किया। स्कूल का वातावरण उत्साह, आत्मविश्वास और सीखने की नई उमंग से सराबोर दिखाई दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के भीतर मंच पर बोलने का साहस, अभिव्यक्ति कौशल तथा आत्मविश्वास का विकास करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात प्रथम कक्षा के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों जैसे मेरा परिवार, मेरा विद्यालय, स्वच्छता, हमारे राष्ट्रीय प्रतीक, पशु, पक्षी, फल, फूल आदि पर छोटी-छोटी प्रस्तुतियां दी। बच्चों ने रंग बिरंगे चार्ट, चित्र और मॉडलों के माध्यम से अपने विचारों को अत्यंत सरल और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उनकी स्पष्ट उच्चारण शैली और आत्मविश्वासपूर्ण अभिव्यक्ति ने उपस्थित अभिभावकों एवं शिक्षकों को प्रभावित किया।



जींद। मोतीलाल स्कूल में प्रस्तुति देते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि



सीवन। मुख्यमंत्री से मुलाकात करते प्रधान आनंद शर्मा।

### मुख्यमंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल

**सीवन।** जिला कैथल की विभिन्न गोशालाओं के प्रतिनिधियों ने जिला गौशाला सेवा संघ के प्रधान आनंद शर्मा की अध्यक्षता में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निवास स्थान पर शिष्टाचार भेंट कर गोशालाओं से जुड़ी समस्याओं को उनके समक्ष रखा। प्रतिनिधिमंडल में सीवन गौशाला के प्रधान नरेंद्र सैनी भी शामिल रहे। बैठक के दौरान गौशालाओं को समय पर अनुदान जारी करने, चारा-पानी की व्यवस्था, पशु चिकित्सा सुविधाओं और संचालन से जुड़ी व्यावहारिक कठिनाइयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रधान आनंद शर्मा ने मुख्यमंत्री को अवगत करवाया कि जिले की गौशालाएं सीमित संसाधनों के बावजूद गौवंश की सेवा में जुटी हुई हैं, लेकिन अनुदान में देरी के कारण व्यवस्थाएं प्रभावित होती हैं। कहा कि यदि ग्रांट समय पर जारी हो जाए तो गौशालाओं को सुचारू रूप से चलाने में काफी सुविधा मिलेगी।

### गन्ने की फसल उगाकर मुनाफा कमाएं

**कैथल।** चीनी मिल कैथल के प्रबन्ध निदेशक कृष्ण कुमार ने गांव सन्धौला में किसानों से बातचीत करते कहा कि किसान गन्ने की खेती करके अत्यधिक मुनाफा कमा सकते हैं। प्रबन्ध निदेशक ने कहा कि गन्ने की खेती के लिए बीजाई का उचित समय चल रहा है फरवरी व मार्च में की गई बीजाई का पूरा जमाव होता है। उन्होंने कहा कि किसान कम से कम चार से पांच फीट की दूरी पर गन्ने की बीजाई करें ताकि अधिक से अधिक पैदावार ली जा सके। चार से पांच की दूरी पर उगाए गन्ने में एक तो पैदावार अधिक निकलती है व दूसरा लेबर की कोई समस्या नहीं होती, क्योंकि इस दूरी पर कटाई करने के लिए हारवेस्टिंग मशीन आ चुकी है। जो कि एक दिन में आठ से दस एकड़ तक गन्ना फसल को काट सकती है। बताया कि किसान इसके साथ सब्जियों व अन्य फसलें भी उगा सकते हैं।



चीनी मिल कैथल के प्रबन्ध निदेशक कृष्ण किसानों को जागरूक करते।



क्विज प्रतियोगिता में अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्राध्यापक।

### ग्योंग की टीम ने लहराया परचम

**कैथल।** पीएम श्री कन्या वमावि जखोली अड्डा कैथल में खंड स्तर पर सरस्वती महोत्सव के उपलक्ष्य में क्विज का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 9 टीमों ने भाग लिया और मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी बिमला सिरोही ने सिरकत की प्रतियोगिता में राजकीय वमावि ग्योंग की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया वही कैथल की टीम दूसरे और चंदाना स्कूल की टीम तीसरे स्थान पर रही। कार्यक्रम में सरस्वती नदी के इतिहास को लेकर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी करवायी। इसमें राजकीय वमावि टीमों के बीच रोचक प्रतियोगिता देखने को मिली। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्योंग की विजेता टीम में सिमरन, पूजा व सिमरन रानी शामिल रहीं। विंध्य पहुंचाने पर सभी स्टाफ सदस्यों ने तालियां बजाकर विजेता विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया।

---



पूंडरी नगरपालिका में विधायक से नदारद चल रहे पार्षद बैठक करते हुए।

### टेंडर में दखल देने का आरोप

**पूंडरी।** नपा में विधायक सतपाल जांबा से नदारद चल रहे नपा चेयरपर्सन प्रतिनिधि सहित कई पार्षदों ने बैठक कर विधायक द्वारा लगाए गए आरोपों पर अपना पक्ष रखा। बैठक में नपा चेयरपर्सन प्रतिनिधि राकेश गोस्वामी, पार्षद सतीश हजवाना, दीपक सैनी, नसीब सैनी, विक्की अटवाल, हिशम सिंह रंगा, पार्षद सीमा देवी, सीमा कश्यप, रेणु देवी, ज्योति सैनी के प्रतिनिधि तथा नॉमिनेट पार्षद अमित सैनी मौजूद रहे। बैठक में चेयरपर्सन प्रतिनिधि राकेश गोस्वामी ने विधायक द्वारा लगाए गए आरोपों को निराधार बताते कहा कि यह कहना गलत है कि चेयरपर्सन व पार्षद शहर के विकास में बाधा डाल रही है या किसी प्रकार की सेटिंग में लगी हुई है। आरोप लगाया कि विधायक स्वयं नपा के कार्यों में अत्यधिक दखलअंदाजी करते हैं, जिससे विकास कार्य प्रभावित होते हैं।

# एनएसयूआई ने वीसी को सौंपा ज्ञापन

**विवि परिसर में एटीएम बंद करने के फैसले पर रोष**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एनएसयूआई ने मंगलवार को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में वीसी प्रो. रामपाल सैनी को ज्ञापन सौंपा और परिसर में स्थित एटीएम को बंद किए जाने के निर्णय पर एनएसयूआई ने रोष व्यक्त किया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि विश्वविद्यालय परिसर में फिर से एटीएम को शुरू करवाया जाए। एनएसयूआई के अध्यक्ष जयदीप ने कहा कि विवि में हजारों छात्र व छात्राएं अध्ययनरत हैं और ऐसे में एटीएम जैसी मूलभूत वित्तीय सुविधा को बंद करना पूर्णतः छात्र विरोधी कदम है। कहा कि अधिकांश छात्र दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं। जिनके लिए परिसर में एटीएम की सुविधा अत्यंत आवश्यक है। एटीएम बंद होने से छात्रों को आर्थिक लेनदेन के लिए बाहर जाना पड़ रहा है। जिससे समय की बर्बादी के साथ सुरक्षा संबंधी समस्याएं भी उत्पन्न हो रही हैं। विवि प्रशासन से मांग की है कि छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से लेते तुरंत प्रभाव से एटीएम को पुनः संचालित किया जाए। यदि समाधान नहीं किया तो एनएसयूआई छात्र हितों की रक्षा के लिए चरणबद्ध आंदोलन शुरू करने को बाध्य होगी।



जींद। वीसी को ज्ञापन सौंपते एनएसयूआई पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि



कलायत। प्रदर्शन करते इनेलो कार्यकर्ता । फोटो :हरिभूमि

### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**कलायत।** कलायत हलका की वर्षो पुरानी समस्याओं को लेकर इनेलो ने शासन-प्रशासन के खिलाफ आवाज बुलंद करते उप मंडल मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। इनेलो जिला संयोजक मोनी बालू की अगुवाई में एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा। इस दौरान किसान सेल हलका प्रधान राजबीर ढूल बडसीकरी, करतार बालू, जिला प्रवक्ता सन्नी चौशाला, सतपाल सिंह, कृष्ण नम्बरदार बालू, दर्शन चौशाला, करतार वाल्मीकि बालू, शमशेर चौशाला, अमरदीप रापड़िया, बिरजा मेंबर बालू, ज्ञाना राम बालू, मोहन बालू, साधू राम बालू, कृष्ण चौटाला, कुलदीप रामगढ़, अजय रामगढ़, मनजीत कलायत, प्रदीप ढूल, सुमीत राणा, सुरेश ढूल, साहिल राणा, अमन, शैकी राणा, सुखबीर ढुल, रामफल बालू, वजीर सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

### पिंडदान कर तर्पण किया, मांगी सुखद भविष्य की कामना

# फाल्गुन अमावस्या पर लगाई श्रद्धा की डुबकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पांडू पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर मंगलवार को फाल्गुन अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान किया तथा पिंडदान करके तर्पण किया। पिंडारा तीर्थ पर सोमवार शाम से ही श्रद्धालु पहुंचना शुरू हो गए थे। पूरी रात धर्मशालाओं में सत्संग तथा कीर्तन चलते रहे। मंगलवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान तथा पिंडदान शुरू कर दिया जो मध्याह्न के बाद तक चलता रहा। इस मौके पर दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया तथा सूर्य देव को जल अर्पण करके सुख समृद्धि की कामना की। वहीं पिंडारा तीर्थ पर अमावस्या पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने खरीदारी भी की। तीर्थ पर जगह-जगह लोगों ने सामान बेचने के लिए फड़े लगाई हुई थी। जिस पर बच्चों तथा महिलाओं ने खरीदारी की। बच्चों ने जहां अपने लिए खिलौने खरीदे तो वहीं बड़ों ने भी घर के लिए सामान खरीदे। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि पिंड तारक तीर्थ के संबंध में किवदंती है कि महाभारत युद्ध के बाद पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पांडवों ने यहां 12 वर्ष तक सोमवती अमावस्या की प्रतीक्षा में तपस्या की। बाद में सोमवती अमावस के आने पर युद्ध में मारे गए परिजनों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया। तभी से यह माना जाता है कि पांडु पिंडारा स्थित पिंड तारक तीर्थ पर पिंडदान करने से पूर्वजों को मोक्ष मिल जाता है। महाभारत काल से ही पितृ विसर्जन की अमावस्या, विशेषकर सोमवती अमावस्या पर यहां पिंडदान करने का विशेष महत्व है।



जींद। फाल्गुन अमावस्या पर सरोवर में स्नान करते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

**दरिद्रता का नाश होगा**

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि फाल्गुन मास की अमावस्या को शिव खप्पर पूजा करने का विधान है। यह पूजा दुखों को नष्टकर सुखमय जीवन जीने की एक आध्यात्मिक पद्धति है। इस दिन पूरे विधि विधान से पूजा पाठ अने से भगवान शिव और माता पार्वती सन्न होते हैं। जिससे दरिद्रता का नाश होता है। दुख खत्म होते हैं और उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है।





ढांड। विधायक सतपाल जांबा कौल की सीएचसी का निरीक्षण करते ।

### सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

**ढांड।** विधायक सतपाल जाम्बा ने मंगलवार को गांव कौल के सरकारी स्कूल तथा स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, स्टाफ की उपस्थिति और आमजन को मिल रही सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की। सरकारी स्कूल पहुंचकर विधायक ने कक्षाओं का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर उनकी पढ़ाई, पाठ्यपुस्तकों, मिड-डे मील तथा अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। अध्यापकों के साथ बैठक कर शिक्षा प्रणाली को ध्यान में रखते हुए गुणवत्ता सुधार, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, परीक्षा परिणामों में सुधार और डिजिटल शिक्षा के प्रभावी उपयोग पर चर्चा की। विधायक सतपाल जाम्बा ने कहा कि मजबूत शिक्षा व्यवस्था ही उज्ज्वल भविष्य की नींव है। अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### डॉ. तेजिंद्र को मिला सरस्वती सम्मान

**कैथल।** साहित्य सभा कैथल के प्रेस सचिव व अखिल भारतीय साहित्य परिषद् हरियाणा की ज़िला इकाई कैथल के अध्यक्ष साहित्यकार डॉ. तेजिंद्र को यूपी के आगरा में सरस्वती सम्मान दिया गया है। उन्हें यह सम्मान ब्रजभाषा काव्य मंच ने दिया है। यह सम्मान ब्रजभाषा काव्य मंच के संस्थापक-अध्यक्ष डॉ. रामेंद्र शर्मा रवि, मंच संयोजक डॉ. निखिल शर्मा और डॉ. महिमा द्वारा प्रदान किया।

### दहेज प्रताडना के आरोप में पति नामजद

**कैथल।** सिविल लाइन कैथल पुलिस ने दहेज प्रताड़ना का एक मामला दर्ज किया है। शिकायत में ऋषि नगर कैथल की एक महिला ने आरोप लगाया है कि उसकी शादी 2018 में राजेश कुमार के साथ हुई थी। शादी के समय दिए गए दहेज से वर पक्ष के लोग संतुष्ट नहीं थे और अधिक दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट करते थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### डेप्यूटेशन रद्द होने के बाद भी शिक्षक गायब

**कैथल।** शिक्षा विभाग के आदेशों को दरकिनार कर डेप्यूटेशन पर गए अंग्रेजी के गेस्ट टीचर सुरेंद्र कुमार अब तक अपने मूल विद्यालय गगड़पूर में वापस नहीं लौटे हैं। जबकि विभाग ने उनका डेप्यूटेशन 6 फरवरी को ही रद्द कर दिया था और निर्देश दिए गए थे कि वे तुरंत अपने मूल विद्यालय में ज्वाइन करें। इसके बावजूद संबंधित शिक्षक ने न तो ज्वाइनिंग दी और न ही विभाग को कोई स्पष्ट जवाब दिया।

### एसडीएम का तबादला करें सरकारः दीपेन्द्र हुड्डा

**कैथल।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने गुहला चीका से विधायक देवेंद्र हंस के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने पर नाराजगी जताते हुए मांग की कि विधायक हंस व अन्य लोगों के खिलाफ दर्ज मुकदमा तुरंत वापस लिया जाए और जनप्रतिनिधि की बात न सुनने वाले एसडीएम का तुरंत ट्रान्सफर किया जाए। उन्होंने कहा कि जनहित में उठाई गई विपक्ष की आवाज़ को सत्ता के जोर पर दबाया नहीं जा सकता।

### प्रदेश में फैला नशे का खुला बाजार : सुरजेवाला

**कैथल।** कैथल सहित पूरे हरियाणा प्रदेश में बढ़ रहे व्यापक नशा व नशा सप्लायरों पर पुलिस की लगातार नाकामी और भाजपा की नायब सरकार की उदासीनता पर कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला ने तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 'नशे का नासूर' अब हर घर तक पहुंच गया है। युवा अपनी ही नसों में जहर घोल रहे हैं। पूरे हरियाणा में खुलेआम मौत का कारोबार हो रहा है।

### दिल्ली रैली की तैयारियों में दो जत्थे चलाएगी सीपीआईएम

**कैथल।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ 24 मार्च को दिल्ली में रैली आयोजित करेगी। रैली की तैयारियों में हरियाणा भर में दो जत्थे चलाए जाएंगे जिनमें पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व भी हिस्सा लेगा। यह फैसला कम्युनिस्ट पार्टी की राज्य कमेटी की दो दिवसीय बैठक में लिया गया।

### रिटायर्ड कर्मचारी संघ उचाना की हुई मीटिंग

**उचाना।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ उचाना की मीटिंग जगदीश शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कुरुक्षेत्र में होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन में रिटायर्ड कर्मचारी शामिल होंगे। सम्मेलन में आगामी आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

### बागवानी के लिए सरकार दे रहीं प्रोत्साहनः डीसी

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने कहा कि किसानों को बागवानी फसलों की खेती के लिए प्रेरित करने के लिए हरियाणा सरकार नए प्रावधान कर रही है। इसके लिए किसानों को बागवानी, फलों, सब्जियों फूलों और मसालों की खेती के लिए सरकार द्वारा एक लाख 40 हजार रुपये तक अनुदान दिया जा रहा है।

---

### हरियाणा चुनाव आयोग ने किया अयोग्य घोषित

# जींद व उचाना के 3 पार्षदों पर साढ़े 4 साल तक चुनाव लड़ने पर लगा बैन

चुनाव खर्च का ब्यौरा जमा नही करवाने पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

हरियाणा चुनाव आयोग ने नगर परिषद जींद के वार्ड 17 की पार्षद सुशीला चहल और वार्ड 21 के पार्षद सतपाल कुंडू, उचाना नगरपालिका के वार्ड 12 की पार्षद गीता को साढ़े चार साल तक चुनाव लडऩे के लिए अयोग्य घोषित कर दिया है। 13 फरवरी को आयोग की तरफ से जारी पत्र में कहा गया है कि इस ऑर्डर के मिलने के 45 दिनों के अंदर राज्य चुनाव आयोग के सामने हरियाणा म्युनिसिपल एक्ट 1973 के सेक्शन 13 के तहत तीनों पार्षद रिव्यू के लिए आयोग में अपील कर सकते हैं। गौरतलब है कि चुनावी खर्च का ब्यौरा एक माह के अंदर जमा नहीं करने पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने 26 सितंबर 2025 को उक्त तीनों पार्षदों को अयोग्य ठहरा दिया था। जिला निर्वाचन अधिकारी के फैसले के खिलाफ दोनों पार्षदों ने राज्य चुनाव आयोग में अपील की थी। नगर परिषद जींद के आम चुनाव 19 जून 2022 को हुए थे और नतीजा 22 जून को घोषित किया गया था। नियमानुसार चुनाव नतीजे घोषित होने की तारीख से तीस दिनों के अंदर डीसी कार्यालय में अपना चुनाव खर्च का ब्यौरा जमा करना जरूरी था। लेकिन इन पार्षदों ने तय समय के अंदर चुनाव खर्च का ब्यौरा जमा नहीं करवाया। तय समय के अंदर चुनाव खर्च रजिस्टर जमा नहीं करने पर डीसी ने हरियाणा म्युनिसिपल एक्टए 1973 के सेक्शन 13एफ के तहत 26 सितंबर 2025 को पार्षद सुशीला चहल, सतपाल कुंडू और गीता को पांच साल के लिए चुनाव लडऩे से अयोग्य ठहरा दिया। जिसके बाद तीनों ने राज्य चुनाव आयोग में फैसले के खिलाफ अपील की। 29 जनवरी को आयोग ने तीनों पार्षदों को पर्सनल हियरिंग का मौका दिया और उनका पक्ष सुना गया। डीसी की तरफ से इन पार्षदों को पांच साल के लिए अयोग्य ठहराया गया था।

पार्षदों की तरफ से सुनवाई के दौरान ने जो तथ्य रखे गए, उनको ध्यान में रखते हुए राज्य चुनाव आयुक्त देवेंद्र सिंह ने राहत देते हुए अयोग्यता के पांच साल में से छह माह कम कर दिए। यानि तीनों पांच साल की बजाय साढ़े चार साल तक चुनाव लडऩे के लिए अयोग्य होंगे।




#### फैसले के बाद पद से हटाया

आयोग की तरफ से जारी पत्र में कहा गया है कि हरियाणा म्युनिसिपल एक्टए 1973 का सेक्शन 13जे यह कहता हैए अगर कोई चुना हुआ प्रधान या सदस्य एक्ट के सेक्शन 13एफ या 13एच के तहत चुनाव खर्च का स्टेटमेंट जमा न करने की वजह से अयोग्य हो जाता है तो राज्य चुनाव आयोग सुनवाई का मौका देने के बाद हटाने का आर्डर पास करेगा। ऐसे प्रधान या सदस्य का कार्यालय तुरंत खाली हो जाएगा। इस नियम के तहत पार्षद सुशीला चहलए सतपाल कुंडू को नगर परिषद जींद और गीता को उचाना नगरपालिका के सदस्य के पद से हटा दिया जाता है।

#### फैसले के रिव्यू के लिए करेंगे अपील

पार्षद सुशीला चहल ने कहा कि अभी उनके पास रिव्यू का मौका है। जल्द ही राज्य चुनाव आयोग में इस फैसले के रिव्यू यानि पुनर्निरीक्षण के लिए अपील करेंगे। उन्हें उम्मीद हैं कि फैसला उनके हम में आएगा। परिवार में मौत होने की वजह से वे समय पर चुनाव खर्च जमा नहीं करवा पाए थे। 29 जनवरी को सुनवाई के दौरान उन्होंने अपना खर्च का ब्यौरा भी जमा करवा दिया है।

---

# शिकायतों का करें शीघ्र समाधानः डीसी

- बैठक में म्यूटेशन, भूमि बंटवारा और एग्रीस्टेक विषयों की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद



जींद। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी। फोटोः हरिभूमि

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के सभागार में राजस्व विभाग से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में म्यूटेशन, तातिमा अपडेट, भूमि बंटवारा, डिमार्केशन, रजिस्ट्री से जुड़े लंबित टोकन, एग्रीस्टैक तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबे समय से लंबित मामलों को शीघ्र निपटाया जाए ताकि आम नागरिकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े।

#### ये रहे मौजूद

उपायुक्त ने कहा कि राजस्व विभाग सीधे तौर पर आमजन से जुड़ा विभाग है और इसके कार्यों की नियमित समीक्षा मुख्यमंत्री स्तर पर भी की जाती है। इसलिए सभी अधिकारी जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए वास्तविक प्रगति सुनिश्चित करें और जनता की जरूरत के अनुसार कार्य में तेजी लाएं। इस दौरान एसडीएम सत्यवान मान, सीटीएम मोनिका रानी, डीआरओ राजकुमार, डीडीए डा. गिरीश नागपाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

---

# हाइवे सड़क की रिपेयर का काम हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭उचाना

- वाहन चालकों को मिली राहत

हाइवे पर पुलिस थाना के पास कई दिनों से गड्ढों में तबदील हो चुकी सड़क की रिपेयर का कार्य चल रहा है। सड़क की रिपेयर होने से वाहन चालकों ने राहत की सांस ली है। यहां सड़क में बने गड्ढों के चलते कई बार लोडिंग वाहन पलट चुके है। अब जहां-जहां से सड़क में गड्ढे है वहां रिपेयर होने से आवागमन में होने वाली परेशानी दूर होगी। वाहन चालक मंजीत, सुनील, राजा ने कहा कि सड़क गड्ढों में तबदील हो चुकी है। जो सर्विस रोड के पास नाले है वहां से पानी सड़क पर भर जाता है। सीवरेज जाम रहने से भी पानी सड़क पर भर जाता है।



हाइवे सड़क पर चल रहा रिपेयर का कार्य। फोटोः हरिभूमि

### जनजातीय संस्कृति पर सीआरएसयू में अध्ययन

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी के नेतृत्व में भूगोल विभाग द्वारा जबलपुर जिलाए मध्य प्रदेश की बैगा तथा गोंड बहुल क्षेत्रों में एक विस्तृत शैक्षणिक क्षेत्रीय अध्ययन फील्ड सर्वे का सफल आयोजन किया गया। इस अध्ययन में विभाग के 48 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। यह अध्ययन विद्यार्थियों के लिए केवल एक शैक्षणिक भ्रमण नहीं था बल्कि जमीनी स्तर पर समाजए संस्कृति और पर्यावरण को समझने का एक सशक्त अवसर सिद्ध हुआ। कुलगुरु प्रोण राम पाल सैनी ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को इस सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई दी।

---

## सूरज स्कूल के छात्रों ने जेईई मेन्स परीक्षा में लहराया परचम



**महेंद्रगढ़।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित जेईई मेन्स की परीक्षा में सूरज स्कूल के विद्यार्थियों का परिणाम बेहतरीन रहा। संस्था निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि इस परीक्षा परिणाम में सर्वाधिक रिया गुप्ता ने 99.96, आयुष धीमान ने 99.29, आदित्य ने 99.20, हर्ष गुलाटी ने 99.16, अक्षज खंडेलवाल ने 98.96 पर्सेंटाइल अंक हासिल कर विद्यालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में भावेश ने 98.61, आर्शिया सिंह ने 98.50, जिज्ञासु ने 98.31, चेतन्य ने 98.30, भूपेश कुमार ने 98.25, प्रियांश पाठक ने 97.98, प्रथम ने 97.90, तरूण ने 97.9, शिनू राठी ने 97.78, कुशाग्र अग्रवाल ने 97.63, सिद्धार्थ दांगी ने 97.6, लव शर्मा ने 97.51, सिद्धांत कुमार सिंह ने 96.85, अगस्त्य सिंह गंगवार ने 96.8, सोहम कुच्छल ने 96.75, नंदनी ने 96, श्रद्धानन्द कुमार ने 95.8, प्रिंस कुमार ने 95.29, पीयूष ने 95.1, मुकुल राठी ने 95.09, तन्मय ने 95, दिया फौजी ने 94.27, अबीर कुमार ने 94.24, पर्सेंटाइल अंक हासिल कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया किया। निदेशक संदीप प्रसाद ने इस ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करने पर सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षको को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

---

# गोसाई खेड़ा स्कूल का औचक निरीक्षण

- शैक्षणिक व्यवस्था, स्वच्छता, उपस्थिति रजिस्टर व मिड डे मील व्यवस्था का अवलोकन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭जुलाना

जुलाना क्षेत्र के गोसाई खेड़ा गांव स्थित राजकीय मिडल स्कूल का खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र बांगड़ ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, स्वच्छता, उपस्थिति रजिस्टर तथा मिड डे मील व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने विभिन्न कक्षाओं में पहुंच कर विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया और उनसे पाठ्यक्रम से जुड़े सवाल पूछे।



जुलाना। गोसाई खेड़ा के स्कूल का निरीक्षण करते खंड शिक्षा अधिकारी। फोटोः हरिभूमि

#### विद्यालय में शिक्षा स्तर संतोषजनक

धर्मेंद्र बांगड़ ने स्कूल स्टाफ की कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद विद्यालय में शिक्षा का स्तर संतोषजनक है। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिए कि वे बच्चों की बुनियादी शिक्षा को और अधिक मजबूत बनाने के लिए नियमित अभ्यास और नवाचारात्मक शिक्षण पद्धतियों का प्रयोग करें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्कूल परिसर की स्वच्छता पर भी संतोष व्यक्त किया और कहा कि स्वच्छ वातावरण बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। साथ ही विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने और अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

---

## जेईई मेन में आरपीएस के 44 विद्यार्थियों ने रचा इतिहास




**महेंद्रगढ़।** नटीए द्वारा घोषित जेईई मेन के परीक्षा परिणाम में आरपीएस ग्रुप के 44 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल व इससे अधिक अंक प्राप्त कर एक नया इतिहास रचा हैं। आरपीएस के मयंक कुमार ने 99.96 व भव्य सतिजा ने 99.95 परसेंटाईल प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया है। गौरतलब है कि पूर्व में भी आरपीएस के कृष्ण कुमार ने क्लैट में ऑल इंडिया कैटेगरी रैंक वन, इंटरनेशनल जूनियर सांईस ऑलम्पियाड में भव्या गुनवाल व आदिश जैन ने गोल्ड मेडल व इंटरनेशनल कॉमर्स ऑलम्पियाड में राहुल व अंशु ने इंटरनेशनल रेंक वन व पूर्वा सिंह ने सीयूईटी में ऑल इंडिया रैंक थ्री प्राप्त की थी। एक बार पुनः आरपीएस ग्रुप ने साबित कर दिखाया कि जेईई-आईआईटी, नीट-मेडिकल, एनडीए-एसएसबी, क्लैट, यूपीएससी, सीए, सीयूईटी, सीएस, ओलम्पियाड एवं सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतरीन परिणाम दिए। आरपीएस ग्रुप सीईओ इंजी मनीष राव ने बताया की मयंक कुमार ने 99.96 परसेंटाइल, भव्य सतिजा ने 99.95, सुमित यादव ने 99.92, आर्यन श्योराण ने 99.89, विनित कुमार ने 99.89, उत्सव कुमार ने 99.85, नैतिक अग्रवाल ने 99.82, प्रतुष सिंह ने 99.79 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया।

---

# ओवरलोड वाहनों से मुख्य मार्ग पर जाम

- भारी-भरकम ट्रैक्टर-ट्रॉली व ट्रकों की धीमी रफ्तार से यातायात हो रहा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद

कस्बे के मुख्य मार्ग से गुजरने वाले ओवरलोड वाहनों ने आमजन की परेशानी बढ़ा दी है। भारी-भरकम ट्रैक्टर-ट्रॉली और ट्रक दिनभर सड़क पर धीमी रफ्तार से चलते नजर आते हैं, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। वाहन चालकों को न चाहते हुए भी इन बड़े वाहनों के पीछे-पीछे चलने को मजबूर होना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह और शाम के व्यस्त समय में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। स्कूल जाने वाले बच्चे, कर्मचारी और व्यापारी वर्ग को रोजाना जाम जैसे हालात का सामना करना पड़ता है। ओवरलोड वाहन सड़क पर धीमी गति से चलते हैं, जिससे पीछे लंबी कतार लग जाती है।



राजौंद। मुख्य मार्ग से गुजरने वाले ओवरलोड वाहन। फोटोः हरिभूमि

#### ओवरलोड वाहनों से ग्राहकों को होती है असुविधा

दुकानदारों का कहना है कि ओवरलोड वाहनों के गुजरने से ग्राहकों को भी असुविधा होती है और धूल-धक्कड़ के कारण वातावरण प्रदूषित रहता है। वहीं दोपहिया वाहन चालकों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है, क्योंकि उन्हें लंबे समय तक भारी वाहनों के पीछे चलना पड़ता है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ओवरलोड वाहनों पर सख्ती से कार्रवाई की जाए तथा मुख्य मार्ग पर इनके प्रवेश को नियंत्रित किया जाए।

### बीएससी फिजिकल साइंस में 14 छात्राएं रही अव्वल

**कैथल।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र द्वारा घोषित बीएससी फिजिकल साइंस द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा परिणाम में आईजी महिला पीजी कॉलेज की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्राचार्या डॉ. आरती गर्ग ने बताया कि फिजिकल साइंस संकाय की कुल 14 छात्राओं की एसजीपीए 9 से अधिक रही, जो कॉलेज की शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रमाण है। इस परिणाम में जानवी ने 9.67 एसजीपीए प्राप्त कर कॉलेज में प्रथम स्थान हासिल किया। खुशी शर्मा ने 9.63 एसजीपीए के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि आरती ने 9.50 एसजीपीए अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। राम खुरानिया ने कहा कि यह सफलता छात्राओं की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है।

---

# बिजली कर्मियों ने किया प्रदर्शन

- कर्मियों को प्रताड़ित करने पर जताया कड़ा रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित एचएसईबी वर्कर यूनियन ने मंगलवार को कार्यकारी अभियंता विकास मलिक के खिलाफ प्रदर्शन किया और धरना दिया। प्रदर्शनकारी बिजली निगम कर्मियों ने कार्यकारी अभियंता की कार्यशैली को लेकर रोष जताया और कर्मियों को प्रताड़ित करने के आरोप लगाए। कर्मचारियों ने चेताया कि कार्यकारी अभियंता ने कर्मियों के प्रति अपना रवैया नही बदला तो ठोस कदम उठाया जाएगा। धरने की अध्यक्षता यूनिट प्रधान हरिओम ने की व मंच का संचालन धर्मवीर बैरागी ने किया।



जींद। मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए बिजली निगम कर्मचारी। फोटोः हरिभूमि

#### कार्यकारी अभियंता कर्मचारियों को कर रहे प्रताड़ित

उन्होंने कहा कि जींद के कार्यकारी अभियंता विकास मलिक के द्वारा कर्मचारियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। कार्यकारी अभियंता कर्मचारियों पर गलत तरीके से दबाव डालते हैं। गलत कार्य न करने पर कर्मचारियों से अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। उपमंडल अधिकारियों को दरकिनार करके बेवजह कर्मचारी को तंग किया जा रहा है। पूर्व उपमहासचिव राजेश शर्मा व उप राज्य प्रधान राजा शामदो ने कहा कि जब तक कार्यकारी अभियंता अपने शब्द वापस नही लेते तब तक धरना चलता रहेगा।

---

### कब अवॉर्ड में जींद टीम ने पूरे हरियाणा में हासिल किया पहला स्थान

# जींद जिले के कब बच्चों ने नेशनल गोल्डन एरो अवॉर्ड में रचा इतिहास

कब स्काउटिंग गतिविधियों से बच्चों में विकसित होती है अनुसान व नेतृत्व क्षमता

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

हरियाणा राज्य भारत स्काउट गाइड के तत्वाधान मे जींद जिले ने एक बार फिर से शिक्षा और स्काउटिंग के क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता साबित की है। कब गतिविधियों में प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों को मिलने वाला सबसे बड़ा सम्मान नेशनल गोल्डन एरो अवॉर्ड इस बार फिर जिला जींद के कब बच्चों ने अपने नाम किया है। राजेश वशिष्ठ के नेतृत्व में जींद जिले की टीम ने पूरे हरियाणा में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम पूरे देश में रोशन किया है। कब गतिविधियों में जींद का शानदार प्रदर्शन कब स्काउटिंग गतिविधियां बच्चों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का माध्यम हैं। इन गतिविधियों में जींद जिले के कब बच्चों ने अपनी मेहनत, लगन और रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परिणामस्वरूप, उन्हें नेशनल गोल्डन एरो अवॉर्ड जैसे प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया। राजेश वशिष्ठ ने बताया कि यह उपलब्धि जींद जिले के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि बच्चों ने कठिन परिश्रम, नियमित अभ्यास के बल पर यह सफलता हासिल की है।

#### जींद जिले के 26 बच्चे हुए चयनित



राजेश वशिष्ठ ने जानकारी दी कि पूरे हरियाणा राज्य से कुल 74 कब बच्चों का चयन नेशनल गोल्डन एरो अवार्ड के लिए हुआ है। इनमें से सबसे अधिक 26 बच्चे जिला जींद से चयनित हुए हैं, जो जिले के लिए अत्यंत गौरव की बात है। इन बच्चों को 23 फरवरी को नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में नेशनल चीफ कमिश्नर केके खंडेलवाल और नेशनल निदेशक, भारत स्काउट एंड गाइड द्वारा स मानित किया जाएगा। इस अवसर पर देशभर से चयनित बच्चों और उनके प्रशिक्षकों को आमंत्रित किया गया है।

#### जींद जिले के लिए गौरव का क्षण

यह उपलब्धि न केवल जींद जिले के शिक्षा विभाग के लिए बल्कि पूरे हरियाणा राज्य के लिए गर्व का विषय है। कब गतिविधियों में बच्चों का यह प्रदर्शन इस बात का प्रमाण है कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के बच्चे समान रूप से प्रतिभाशाली हैं और उचित मार्गदर्शन मिलने पर वे राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। राजेश वशिष्ठ ने कहा कि यह सफलता पूरी टीम की सामूहिक मेहनत का परिणाम है। उन्होंने सभी शिक्षकों, अभिभावकों और शिक्षा अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। जिन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित किया और हर कदम पर उनका साथ दिया।

---



## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस संगोष्ठी की तैयारियों पर हुई महत्वपूर्ण बैठक

**कैथल।** 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर खरखोदा में आयोजित होने वाले महिला संगोष्ठी की तैयारियों को लेकर आज कैथल में महिलाओं की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन चौधरी छोटू राम चौक के पास की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, भागीदारी और महिला जागरूकता अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर डॉ. संतोष दहिया ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि महिला अधिकारों, सम्मान और सशक्तिकरण के संकल्प को मजबूत करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए संगठित प्रयास जरूरी हैं।